## न्यूज डायरी



### कोरोना से अगस्त तक जा सकती है डेढ़ लाख अमेरिकियों की जान, रिसर्च में दावा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। यूनिवर्सिटी ऑफ वॉशिंगटन के रिसर्चर्स ने दावा किया है कि अगस्त तक अमेरिका में 1 लाख 45 हजार लोगों की मौत हो सकती है। इसी रिसर्च टीम ने शनिवार को जारी किए गए वक्तव्य में 140,496 मौतों का अनुमान लगाया था। टीम ने यह नहीं बताया है कि पूर्वानुमान में 5000 लोगों के अतिरिक्त मौत की बढ़ोत्तरी क्यों की गई है। बता दें कि अमेरिका में कोरोना वायरस के कारण अबतक मौत का आंकड़ा बढ़कर 113055 तक पहुंच गया है। नया अनुमान टेक्सास में सबसे अधिक संख्या में कोरोना वायरस के मरीजों की भर्ती के बाद आया है। जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के अनुसार, अमेरिका के मिशिगन और एरिजोना में कोरोना वायरस संक्रमितों की तादात तेजी से बढ़ रही है। जबकि, वर्जीनिया, रोड आइलैंड और नेब्रास्का में कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या में कमी देखने को मिल रही है।

### चीन का बड़ा दावा, सितंबर के बाद कभी भी कर सकते हैं लॉन्च

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। कोरोना वायरस वैक्सीन को लेकर चीन के एक शीर्ष वैज्ञानिक ने दावा किया है कि संक्रमितों के इलाज के लिए सितंबर के बाद कभी भी बाजार में उतार जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस वैश्विक महामारी से निपटने के लिए हर्ड इम्यूनिटी नहीं बल्कि वैक्सीनाइजेशन ही प्रमुख समाधान होगा। उन्होंने कहा कि इस वैक्सीन का ट्रायल अंतिम चरण में है और जल्द ही हम इसको लेकर बड़ी घोषणा कर सकते हैं। चीन के प्रमुख चिकित्सा सलाहकार डॉ झोंग नानशान ने कहा कि हम कोरोना वायरस के कई वैक्सीन पर काम कर रहे हैं। इनमें से कई टीके सितंबर से लेकर दिसंबर के बीच अस्पतालों में इलाज के लिए उपलब्ध करवा दिए जाएंगे। बता दें कि ऐसी ही घोषणा चीन के सेंटर फॉर डिजीज प्रिवेंशन एंड कंट्रोल के महानिदेशक डॉ गाओ फू ने भी पहले की थी। डॉ गाओ ने अप्रैल के अंत में कहा था कि चीन सितंबर तक घातक बीमारी के लिए एक सफल टीका लगाने की उम्मीद कर रहा है।

### मेक्सिको में जहरीली शराब पीने से मरने वालों का आंकड़ा 18 हुआ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेक्सिको सिटी। मेक्सिको में मेथनॉल युक्त मिलावटी शराब पीने से 10 और लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि इस घटना में मरने वालों की संख्या 18 हो गई है। कोरोना वायरस वैश्विक महामारी की शुरुआत के बाद से जहरीली शराब पीने से देश में अब तक 100 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। दक्षिणी राज्य गुरेरो की सरकार ने सोमवार को कहा कि लोकल ब्रांड की टकीला किस्म की शराब जिसे "रांचो एस्कोनडिडो" कहा जाता है, उसे पीने से तलापा डे कोमनफोर्ट नगर में और आस–पास के इलाकों में 18 लोगों की मौत हुई। इसके अलावा 16 अन्य लोगों को शरीर में जहर फैलने के लक्षणों के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया जिनमें से चार की हालत गंभीर बनी हुई है। यह इलाका खेती करने वाली निर्धन बस्ती के तौर पर जाना जाता है।

### पाकिस्तान के बड़बोले रेल मंत्री शेख राशिद कोरोना वायरस पॉजिटिव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। एक पाव के परमाणु बम से भारत पर हमला करने की धमकी देने वाले पाकिस्तानी रेल मंत्री शेख राशिद कोरोना वायरस पॉजिटिव पाए गए हैं। पाकिस्तान के रेल मंत्रालय की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी है। शेख राशिद आइसोलेशन में चले गए हैं। उधर, पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शाहिद खान अब्बासी भी कोविड–19 पॉजिटिव पाए गए हैं। शेख राशिद और शाहिद खान अब्बासी दोनों अब 14 दिन के लिए आइसोलेशन में चले गए हैं। अब्बासी के परिवार के सूत्रों के मुताबिक उन्हें कल पॉजिटिव पाया गया। इस बीच पाकिस्तान में पिछले चौबीस घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 4,728 नये मामले सामने आए जिससे संक्रमण के मामलों की कुल संख्या एक लाख के पार चली गई। इसी दौरान संक्रमण की चपेट में आए 65 लोगों की मौत हो गई जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 2,067 हो गई।

# चार चरण की रणनीति ने दिलाई कोरोना पर जीत

**मिसाल**

## कोरोना वायरस पर न्यूजीलैंड ने पाई जीत, पीएम जेसिंडा अर्डन ने की घोषणा

■भविष्य की तैयारियों को लेकर देशवासियों को चेताया भीः अर्डन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डन ने सोमवार को ऐलान किया कि उनका देश कोरोना वायरस मुक्त हो गया है। दुनियाभर में कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए न्यूजीलैंड के किए गए काम की तारीफ हो रही है। वहीं लोग पीएम अर्डन के नेतृत्व शक्ति की भी जमकर बड़ाई कर रहे हैं। हालांकि, न्यूजीलैंड के लिए इस वैश्विक महामारी के खिलाफ जंग आसान नहीं रही। कड़े फैसलों और सरकार की दूरदर्शी सोच ने न्यूजीलैंड को इस महामारी से उबारा है।




**न्यूजीलैंड में अब कोई भी संक्रमित नहीं:** बता दें कि न्यूजीलैंड में 17 दिन पहले कोरोना वायरस संक्रमण का आखिरी मामला सामने आया था। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, न्यूजीलैंड में कोरोना की आखिरी मरीज 50 साल की एक महिला थी। जिसका इलाज ऑकलैंड के एक नर्सिंग होम में हुआ। फरवरी के बाद से सोमवार को पहली बार ऐसा मौका आया जब सभी मरीज संक्रमण से ठीक हो चुके हैं और अब देश में कोई भी संक्रमित नहीं है। देश में अब तक 300,000 जांच हो चुकी है।

**पीएम अर्डन ने की घोषणा** न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डन ने सोमवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि अंतिम मरीज के भी कोरोना वायरस संक्रमण से स्वस्थ होने के बाद देश ने संक्रमण के प्रसार को रोक लिया है। हमें विश्वास है कि फिलहाल के लिए हमने न्यूजीलैंड में वायरस के प्रसार को खत्म कर दिया है। हालांकि, आगे भी इसके लिए प्रयास जारी रहेंगे। निश्चित रूप से दोबारा मामले सामने आएंगे लेकिन यह विफलता की निशानी नहीं होगी। यह इस वायरस की वास्तविकता है, लेकिन हमें पूरी तैयारी रखनी है।

**कोरोना के खिलाफ न्यूजीलैंड की रणनीतिः** न्यूजीलैंड ने कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए अलर्ट के चार लेवल बनाए। पहले चरण में खतरे का अनुमान लगाना था और उसके खिलाफ जवाबी कार्रवाई करना था। जिसके तहत देश की सीमाओं को बंद कर दिया गया। टेस्टिंग पर फोकस किया गया और संक्रमितों की कांट्रेक्ट ट्रेसिंग शुरू की गई। वहीं दूसरे चरण में परिस्थितियों के हिसाब से प्रतिबंधों में छूट दी गई। 7 हफ्ते के सख्त लॉकडाउन की हर हफ्ते समीक्षा की गई। तीसरे चरण में वायरस के रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर प्रबंध किए गए। फिजिकल डिस्टेंसिंग पर जोर दिया गया वहीं, आइसोलेट और क्वारंटीन लोगों की जांच और देखभाल की गई। चौथे चरण में देश में सख्त लॉकडाउन का ऐलान कर दिया गया। इमरजेंसी सर्विसेज को छोड़कर लोगों को घर में रहने की हिदायत दी गई। सभी सार्वजनिक स्थलों को बंद कर दिया गया और सभी तरह की यात्राओं पर रोक लगा दी गई।

विशेषज्ञों का कहना है कि 50 लाख की आबादी वाले इस देश से संक्रमण खत्म होने के पीछे कई वजह है। दक्षिण प्रशांत में स्थित होने की वजह से इस देश के पास यह देखने का मौका था कि दूसरे देशों में यह संक्रमण कैसे फैला।

## सीक्रेट सर्विस के कहने पर बंकर में छिपे थे ट्रंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अटार्नी जनरल का खुलासा

वॉशिंगटन। अमेरिकी अश्वेत जॉर्ज फ्लॉयर्ड की मौत के बाद वाइट हाउस के पास हुए प्रदर्शन के कारण राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सीक्रेट बंकर में छिपने को लेकर विवाद जारी है। विपक्ष का आरोप है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने विरोध के स्तर को बड़ा दिखाने के लिए जानबूझकर बंकर में पनाह ली थी। वहीं, अटार्नी जनरल विलियम बॉर ने दावा किया है कि वाइट हाउस के बाहर विरोध प्रदर्शनों को लेकर सीक्रेट सर्विस ने ट्रंप से बंकर में जाने का अनुरोध किया था।

अटॉर्नी जनरल ने फॉक्स न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि हालात इतने खराब थे कि सीक्रेट सर्विस ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बंकर में जाने की सिफारिश की। हम अपने देश में ऐसे हालात बनने नहीं दे सकते हैं। बता दें कि जॉर्ज फ्लॉयर्ड की मौत के बाद हुए विरोध प्रदर्शनों ने वाइट हाउस के बाहर हिंसक रूप ले लिया था। जिसके कारण सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स को भी दंगारोधी पोशाक पहनकर भीड़ पर काबू पाना पड़ा था। बता दें कि राष्ट्रपति ट्रंप ने भी एक समाचार चैनल को दिए गए इंटरव्यू में यह स्वीकार किया था कि वे सीक्रेट सर्विस के कहने पर थोड़ी देर के लिए बंकर में गए थे।



## पाकिस्तान में जुलाई-अगस्त में चरम पर होगा कोरोना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या 1 लाख से ऊपर पहुंचने के कारण हालात बदतर होते जा रहे हैं। वहीं, प्रधानमंत्री इमरान खान ने आशंका जताई है कि देश में जुलाई–अगस्त में कोरोना के मरीजों की संख्या चरम पर होगी। उन्होंने लोगों से एहतियात बरतने की भी अपील की। बता दें कि इमरान खान पाकिस्तान में दूसरे लॉकडाउन की संभावना से पहले ही इनकार कर चुके हैं। पीएम इमरान खान ने देश के नाम अपने संबोधन में कहा कि हमें पहले से पता है कि कि वायरस फैलेगा। हमारे विशेषज्ञों को इस बीमारी के फैलने का जो रूख नजर आया है उसके अनुसार यह चरम पर पहुंचेगा और फिर ग्राफ समतल हो जाएगा।

## 2020 में नहीं दिया जाएगा रैमन मैग्सेसे अवॉर्ड्स, तीसरी बार हुआ रद्द

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मनीला। कोरोना वायरस महामारी के कारण एशिया का नोबेल पुरस्कार कहे जाने रैमन मैग्सेसे अवॉर्ड्स इस साल नहीं दिए जाएंगे। 60 साल में यह तीसरा मौका है जब इस अवॉर्ड समारोह को रद्द किया गया है। रैमन मैग्सेसे पुरस्कार देने वाले मनीला स्थित फाउंडेशन ने मंगलवार को कहा कि कोरोना वायरस ने पूरी दुनिया को सच में ठप कर दिया है और इसके कारण हमारे पास कोई विकल्प नहीं बचा है।

**पुरस्कार रद्द किए जाने की तीसरी घटनाः** बता दें किरैमन मैग्सेसे पुरस्कार को 1970 में आर्थिक संकट के चलते और 1990 में विनाशकारी भूकंप की वजह से



पूर्व में भी रद्द किया जा चुका है। वहीं इस साल कोरोना महामारी के कारण फिलीपीन्स की राजधानी मनीला में होने वाले इस समारोह को रद्द किया गया है।

**फिलीपीन्स के राष्ट्रपति के नाम पर दिया जाता है पुरस्कारः** रेमन मैग्सेसे पुरस्कार की स्थापना अप्रैल 1957 में हुई थी। यह पुरस्कार फिलीपीन्स के राष्ट्रपति रैमन मैग्सेसे की स्मृति में दिया जाता है। इस पुरस्कार को हर साल पुरस्कार को 31 अगस्त को मनीला में एक कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया जाता है। इसी दिन फिलीपीन्स के प्रसिद्ध राष्ट्रपति रैमन मैग्सेसे जयंती भी होती है।

**छह श्रेणियों में दिया जाता है पुरस्कार**

■सरकारी सेवाएं
■सार्वजनिक सेवाएं
■सामुदायिक नेतृत्व
■पत्रकारिता, साहित्य और रचनात्मक संचार कला
■शांति और अंतरराष्ट्रीय समझ
इमर्जेंट लीडरशिप

दक्षिणपूर्व एशिया में फिलीपीन कोरोना वायरस से अत्यधिक प्रभावित है जहां संक्रमण के 22,400 मामले हैं और 1,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। अपनी अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए उसने लाखों लोगों को लॉकडाउन से राहत दी है।

## भारत से तनाव भड़काने की कोशिश में चीनी मीडिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चीन। भारत से तनाव भड़काने की कोशिश में चीनी मीडिया, फिर जारी किया युद्धाभ्यास का वीडियोलद्दाख सीमा पर जारी तनाव को लेकर शनिवार को कोर कमांडर लेवल की बातचीत के बावजूद चीनी मीडिया रोजाना चीन की सेना के युद्धाभ्यास के वीडियो को जारी कर तनाव भड़काने में जुटी है। चीन आधिकारिक तौर पर तो शांति की बात करता है तो अपनी सरकारी मीडिया के जरिए सैन्य युद्धाभ्यास की तस्वीरें और वीडियो जारी कर दबाव की रणनीति पर भी कायम दिखता है। इसी दोहरे रवैये ने चीन के लिए दुनियाभर में विश्वसनीयता का संकट खड़ा कर दिया है, लेकिन उसकी नजर ही नहीं खुल रही।

मंगलवार को भी चीन सरकार के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने भारत से लगी सीमा के नजदीक युद्धाभ्यास का वीडियो जारी किया। जिसमें कहा गया है कि यह युद्धाभ्यास मई के मध्य से जून के शुरुआती हफ्ते तक चला। इस दौरान चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के पैराट्रूपर्स ने टैक्टिकल ड्रिल और युद्ध की परिस्थियों में की जाने वाली कार्रवाईयों को अंजाम दिया।